भारत सरकार, रेल मंत्रालय
रेलवे भर्ती बोर्ड

सत्यमेव जयते

सीईएन सं. 07/2025 गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियां (पूर्व-स्नातक)

संशोधित गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियां (पूर्व-स्नातक) के पदों के लिए प्रथम चरण कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी-I) की संभावित कार्यक्रम के संबंध में सूचना

1. संशोधित उपरोक्त सीईएन के लिए संभावित परीक्षा कार्यक्रम निम्नानुसार है:

क्र.सं.	सीईएन सं	पद	परीक्षा की तिथि
1	सीईएन-07/2025	गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियां (पूर्व-स्नातक) (कंप्यूटर आधारित परीक्षा-I)	मई 07, 08, 09 (परीक्षा आयोजित की जा चुकी है) एवं जून 13,14,15, 16 से20

2. **परीक्षा शहर, तिथि देखने और एससी/एसटी अभ्यर्थियों के लिए यात्रा प्राधिकार डाउनलोड करने के लिए लिंक सभी आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइटों पर परीक्षा तिथि से 10 दिन पहले लाइव कर दिया जाएगा |**

3. ई-कॉल पत्रों की डाउनलोडिंग परीक्षा - शहर और तिथि सूचना लिंक में उल्लेखित परीक्षा तिथि से 4 दिन पहले शुरू होगी |

4. परीक्षा हॉल में प्रवेश से पहले अभ्यर्थियों का आधार से जुड़ा बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण परीक्षा केंद्र में किया जाएगा। अभ्यर्थी को अपना मूल आधार कार्ड या ई-सत्यापित आधार का प्रिंटआउट लाना आवश्यक है। अभ्यर्थियों को परामर्श दिया जाता है कि यदि उन्होने पहले से आधार सत्यापन नहीं किया है, तो वे www.rrbapply.gov.in पर अपने क्रेडेंशियल के साथ लॉग इन कर आधार सत्यापन के माध्यम से अपनी पहचान प्रमाणित करें, ताकि परीक्षा केंद्र में सुगम प्रवेश सुनिश्चित हो सके।

5. सभी अभ्यर्थियों से, जिनमे वे अभ्यर्थी भी शामिल है जिनहोने आवेदन जमा करने के दौरान अपने आधार का सत्यापन कराया है, अनुरोध है कि वे अपने हित में यह सुनिश्चित कर लें कि परीक्षा केंद्र पर आने से पहले उनका आधार UIDAI प्रणाली में अनलॉक स्थिति में रहे, ताकी परीक्षा के दिन असुविधा से बचा जा सके तथा पंजीकरन और परीक्षा संबंधी प्रक्रियाओ में सुविधा हो |

6. आधार कार्ड में सही नाम, जन्म तिथि (कक्षा 10वीं के प्रमाण पत्र के अनुसार), नवीनतम फोटो, पता और पिता का नाम दर्ज होना चाहिए।

7. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे भर्ती प्रक्रिया पर नवीनतम अपडेट के लिए केवल आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइटों को ही देखें। कृपया अप्रमाणित स्रोतों से गुमराह न हों।

8. उन दलालों से सावधान रहें जो अवैध तरीके से नौकरी दिलाने के झूठे वादे करके अभ्यर्थियों को गुमराह करने की कोशिश करते है। आरआरबी में चयन प्रक्रिया कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) पर आधारित होता है और भर्ती केवल अभ्यर्थियों की योग्यता के आधार पर होती है।

दिनांक : 01.06.2026

अध्यक्ष
रेलवे भर्ती बोर्ड